# <u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–23.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

## <u>मुख्य समाचार</u>

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए, कहा–पिछले डेढ़ साल में करीब दस लाख सरकारी नौकरियां दी गईं।**
- **रांची में आयोजित रोजगार मेले में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और हजारीबाग के मेरू में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बांटे नियुक्ति पत्र, कहा– विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है देश।**
- **सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे झारखंड, पलामू में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की करेंगे समीक्षा।**
- **राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने की उद्योग विभाग की समीक्षा, निवेशकों को आमंत्रित करने का रोडमैप तैयार करने का दिया निर्देश। और,**
- **केंद्र सरकार ने खत्म की पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विदयार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने वाली नीति।**

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी गई है। उन्होंने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं।

****************

यह रोजगार मेला देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। रांची के धुर्वा स्थित सेंबो सीआरपीएफ कैंप में आयोजित रोजगार मेले में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 324 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश की जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो वादा करते हैं उसे हर हाल में पूरा करते हैं।

रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र मिलने के बाद युवाओं के चेहरे पर प्रसन्नता देखने को मिली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से उनकी मेहनत को नया मुकाम मिला है।

****************

उधर, हजारीबाग के मेरू स्थित प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला विकसित भारत के लक्ष्य का हिस्सा है।

हजारीबाग में भी नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थी खासा उत्साहित दिखे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

****************

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंच गये हैं। रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर आकाशवाणी, दूरदर्शन, पीआईबी और सीबीसी के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। डा. मुरुगन रांची से पलामू के लिए रवाना हो गये। वे लगातार तीन दिनों तक पलामू में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे।

****************

राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने आज उद्योग विभाग के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया। श्री यादव ने

विभाग में रिक्त पड़े पदों की सूची भी उपलब्ध कराने को कहा है ताकि इनपर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरु की जा सके।

****************

केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विदयार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने वाली नीति खत्म कर दी है। शिक्षा सचिव संजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कहा कि पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विदयार्थियों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा।

****************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा है कि संसद सत्र के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के व्यवहार से लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री सेठ ने कहा कि संविधान का माखौल उड़ाना और संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को अपमानित करना कांग्रेस की पुरानी परंपरा रही है।

****************

कांग्रेस ने इस पर पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने आज जमशेदपुर के बिष्टुपुर में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि भाजपा को संविधान पर विश्वास नहीं है। श्री सहाय ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा।

****************

इस बीच पलामू के सांसद वीडी राम ने कहा है कि भाजपा ने हमेशा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर का सम्मान किया है। मेदिनीनगर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में श्री राम ने आरोप लगाया कि राज्य सभा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर पर दिए गए बयान को तोड़मरोड़ कर पेश किया गया है।

****************

पूर्वी सिंहभूम जिले में पुलिस ने 25 लाख रुपये से अधिक की प्रतिबंधित दवाइयां बरामद की हैं। यह कार्रवाई उलीडीह ओपी क्षेत्र स्थित एक दवा दुकान पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने दुकान संचालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

****************

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में अभिनव पहलों की शृंखला के रूप में रांची में 90 गेंदों की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। आरबीआई के रांची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा यह प्रतियोगिता सीएमपीडीआई मैदान में हुई, जिसमें क्षेत्रीय निदेशक एकादश ने विजय प्राप्त की।

******समाप्त*********